हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 9 फरवरी 2026

06 रक्त सेवा समिति की बैठक ग्राम नरोदा में...



08 रवि खत्री बने श्री हिंदू उत्सव समिति के निर्विरोध...





**खबर संक्षेप**

### जनगणना समन्वय समिति की बैठक आज

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में टीएल बैठक के बाद आज सोमवार को जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक होगी। बैठक में जनगणना निदेशालय से विदिशा जिले के जिला प्रभारी दीक्षा केशरवानी भी उपस्थित रहेंगी। जिला स्तरीय समिति के सभी सदस्यों को बैठक में उपस्थित होने की सूचना दी है।

### जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक आज

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक आज सोमवार टीएल बैठक के बाद कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में होगी। बैठक में राज्य शासन एवं आयुक्त उच्च शिक्षा द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में दिए गए निर्देशों के अनुरूप में विद्यालयों, महाविद्यालयों,तकनीकि एवं चिकित्सा महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को मानसिक तनाव एवं विषाद तथा बढ़ रही आत्महत्या की प्रवृत्तियों से उभारने व मनोवैज्ञानिक काउसिंलिंग हेतु किए जाने वाले प्रावधानो के संबंध में निर्णय कर उनका क्रियान्वयन किया जाएगा।

### स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा, सुधार के निर्देश

**विदिशा।** रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नटेरन में सीएमएचओ डॉ. रामहित कुमार ने स्वास्थ्य कार्यक्रमों की अद्यतन प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में बीएमओ, बीपीएम सहित सीएचओ, एमपीडब्ल्यू, एमपीएस और एएनएम स्टाफ मौजूद रहा। सीएमएचओ ने यू-विन पोर्टल पर रियल टाइम एंट्री, हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की पहचान, समय पर एएनसी पंजीकरण, सही अनुमानित प्रसव तिथि दर्ज करने तथा चारों एएनसी जांच शत-प्रतिशत पूर्ण करने पर जोर दिया। उन्होंने गर्भवती माताओं और नवजात शिशुओं की निगरानी में लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। आयुष्मान कार्ड निर्माण और उपचार लाभ की प्रगति तेज करने को कहा। एचबीएनसी अंतर्गत नवजातों के घर-घर परीक्षण, टीकाकरण और फॉलोअप सुनिश्चित करने पर बल दिया। साथ ही गुणवत्ता पूर्ण सेवा, समय पर डेटा एंट्री, फील्ड विजिट बढ़ाने और मॉनिटरिंग व्यवस्था मजबूत बनाने के निर्देश दिए गए।

### जनगणना-2027 के लिए सदस्यों को दायित्व

**विदिशा।** जनगणना-2027 की तैयारियों को लेकर जिला जनगणना समन्वय समिति के सदस्यों के दायित्व निर्धारित किए गए हैं। कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी सभी चार्ज अधिकारियों को समयसीमा में कार्य पूर्ण कराने, कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित कराने की जिम्मेदारी निभाएंगे। जिला जनगणना अधिकारी समस्त कार्यों के सफल संचालन में सहयोग देंगे, जबकि अतिरिक्त अधिकारी व जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी समन्वय करेंगे। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी डिजिटल प्रणालियों का संचालन व प्रशिक्षण सुनिश्चित करेंगे। शिक्षा विभाग शिक्षकों की उपलब्धता कराएगा तथा जनसंपर्क अधिकारी प्रचार-प्रसार और मीडिया समन्वय का दायित्व संभालेंगे।

### पुरी में भारतीय मजदूर संघ का अधिवेशन हुआ

**विदिशा।** भारतीय मजदूर संघ का त्रैवार्षिक 21वां अखिल भारतीय अधिवेशन 8 फरवरी को जगन्नाथ पुरी में हुआ। अधिवेशन में देश के सभी राज्यों, जिलों तथा 12 ब्रिक्स देशों से आए प्रतिनिधियों ने तीन दिनों तक राष्ट्र सुरक्षा, श्रमिक-कर्मचारी हित, जीवनयापन और रोजगार से जुड़े मुद्दों पर व्यापक चर्चा की। विदिशा विभाग प्रमुख महेंद्र सोनी ने बताया कि अधिवेशन में श्रमिकों, कर्मचारियों और बेरोजगारों के हित में 5 प्रमुख प्रस्ताव पारित कर उन्हें लागू करने सरकार को भेजने का निर्णय लिया गया।

### विरोध के बीच अगले रविवार को होने जा रहा है डी मार्ट का शुभारंभ

# 6वें दिन भी जारी रहा धरना, डी-मार्ट की अर्थी निकाली

## पूर्व वित्त मंत्री बोले: विरोध मजबूत हो तो बदलाव संभव है

*अगले रविवार को शिवरात्रि के दिन डी मार्ट का शुभारंभ हो रहा है। इसी बीच पिछले छह दिनों से व्यापारी इसके शुरु होने के विरोध में माधवगंज पर प्रदर्शन कर रहे हैं।*



विदिशा। माधवगंज स्थित धरना स्थल पर व्यापारियों ने बनाई डीमार्ट की अर्थी।



विदिशा। शहर के मुख्य मार्गों से डीमार्ट की अर्थी लेकर जाते हुए व्यापारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

डीमार्ट के विरोध में शहर के व्यापारियों का प्रदर्शन रविवार को छठें दिन भी जारी रहा। व्यापारियों ने पहले डी मार्ट के विरोध में ज्ञापन दिए थे। जिस पर कार्रवाई न होने के बाद व्यापारियों ने आंदोलन का रुख अपना लिया है और माधवगंज पर धरने पर बैठे हुए हैं। व्यापारियों का कहना है कि डी मार्ट और मल्टीनेशनल कंपनियों के आ जाने से छोटे व्यापारियों की फजीहत हो जाएगी और उन्हे अपना व्यापार बंद करना पड़ेगा।

रविवार को डी-मार्ट स्टोर और मल्टीनेशनल कंपनियों के विरोध में व्यापारियों ने प्रदर्शन कर डी मार्ट की अर्थी निकाली और विरोध दर्ज कराया।

व्यापारियों ने माधवगंज चौराहे से नीमताल चौराहे तक रैली निकाली और नीमताल पर अर्थी का प्रतीकात्मक अंतिम संस्कार किया। धरने में शामिल पूर्व वित्त मंत्री राघवजी भाई ने कहा कि सरकार एक ओर स्वरोजगार को बढ़ावा देने की बात करती है वहीं दूसरी ओर बड़ी कंपनियों के विस्तार से छोटे व्यापारियों के सामने संकट उत्पन्न हो रहा है। उन्होंने छोटे व्यापारियों के संरक्षण के लिए प्रभावी नीति बनाने की मांग की। राघवजी ने कहा कि यदि विरोध मजबूत होता है तो किसी भी स्तर पर बदलाव संभव है। इधर शहर के व्यापारी भी डी मार्ट को शहर के व्यापारियों के खतरा बताते हुए प्रदर्शन कर रहे हैं।

### कहा: छोटे व्यापारियों का अस्तित्व खतरे में है

बड़ी संख्या में व्यापारी माधवगंज चौराहे पर एकत्र हुए। यहां से उन्होंने विरोध रैली निकाली, जिसमें कंपनियों की प्रतीकात्मक अर्थी शामिल थी। प्रदर्शन के दौरान व्यापारियों ने नारेबाजी की और सरकार से छोटे व्यापारियों के हितों की रक्षा की मांग की। व्यापारियों का कहना है कि बड़ी मल्टीनेशनल कंपनियां और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म स्थानीय बाजार तथा छोटे व्यापारियों के रोजगार के लिए चुनौती बन रहे हैं। यदि इस पर समय रहते नियंत्रण नहीं किया गया तो छोटे व्यवसाय पूरी तरह समाप्त हो सकते हैं। वक्ताओं ने जोर दिया कि देश की बड़ी आबादी छोटे व्यवसायों के माध्यम से अपना जीवन यापन करती है, इसलिए उनकी अनदेखी करना उचित नहीं है। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र विचार नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## पुरानी पेंशन मिले, नियुक्ति दिनांक से ही की जाए सेवा अवधि की गणना



विदिशा। 13 सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षकों की जिला स्तरीय बैठक की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

आजाद अध्यापक शिक्षक संघ द्वारा बाढ़ वाले गणेश मंदिर के सभागृह में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। जिसमें शिक्षकों की 13 सूत्रीय मांगों पर चर्चा की गई।

बैठक में पुरानी पेंशन बहाली, नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना तथा ई-अटेंडेंस प्रणाली का विरोध प्रमुख मुद्दों के रूप में सामने आए। शिक्षकों ने एकजुट होकर ई-अटेंडेंस बंद करने का आह्वान भी किया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष भरत पटेल, संभाग अध्यक्ष दर्शन ओढ़, संभागीय उपाध्यक्ष रविकांत रिछारिया, जिला अध्यक्ष सुनील रघुवंशी तथा भोपाल जिला अध्यक्ष नीलेश आर्य सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों ने शिक्षकों के भविष्य, सेवा सुरक्षा और लंबित मांगों को लेकर अपने विचार रखे। प्रदेश अध्यक्ष भरत पटेल ने शिक्षकों से एकजुट रहने की अपील करते हुए कहा कि मांगों की पूर्ति के लिए सामूहिक शक्ति का प्रदर्शन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वे अंतिम सांस तक शिक्षकों के हितों की लड़ाई लड़ते रहेंगे, चाहे इसके लिए कितनी भी बड़ी कीमत क्यों न चुकानी पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि जब एक लाख शिक्षक एक साथ अपनी ताकत दिखाएंगे, उसी दिन सभी मांगें पूरी होंगी। बैठक के बाद शिक्षकों ने बाढ़ वाले श्री गणेश मंदिर से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकालकर मुख्यमंत्री के नाम 13 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम का संचालन मनोज नामदेव ने किया।

## नदी के बीच बैठकर की बैठक, बेतवा के उत्थान के लिए कलेक्टर को सौंपेंगे ज्ञापन

- अभी से सूखने लगी है शहर की जीवनदायिनी बेतवा नदी।



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बढ़ते प्रदूषण और जन जागरुकता के अभाव में जिले की जीवनदायिनी, कलियुगी गंगा पुण्य सलिला मां वैत्रवती का प्रवाह बाधित होकर गर्मी से पहले ही मौसमी स्वरूप लेने लगा है। इससे नदी के भविष्य के साथ-साथ तटवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों के जीवन पर भी संकट गहराने की आशंका जताई जा रही है।

इस गंभीर विषय पर जनजागृति के उद्देश्य से रविवार को बाढ़ वाले गणेशमंदिर पर नदी के बीच में सिविल सोसायटी की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में कार्यवाहक अध्यक्ष संजीव शर्मा, सचिव देवेंद्र राठौर, कोषाध्यक्ष अतुल तिवारी सहित अनेक समाजसेवी, पर्यावरण प्रेमी और नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने मां वैत्रवती के संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण और सतत प्रवाह बनाए रखने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में सुरेश मोतियानी, डॉ निर्मल चौरसिया, राजेंद्र कटारे, सचिन तिवारी, अजय कटारे, नीरज चौरसिया, जितेंद्र शास्त्री, इस्माइल खान, विवेक ठाकुर, राजकुमार पासी, शिवराज पिपरोदिया आदि मौजूद रहे।

## विदिशा में वैश्य महासम्मेलन का रक्तदान शिविर




**विदिशा।** वैश्य महासम्मेलन जिला युवा इकाई द्वारा 8 फरवरी को चिकित्सालय के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। समाजजनों की सहभागिता से 8 यूनिट रक्तदान कर ब्लड बैंक को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव केएन गुप्ता, जिला अध्यक्ष अवनेश जैन, महामंत्री महेंद्र बड़कुल सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। अंत में युवा इकाई अध्यक्ष विपिन जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया। शिविर को सफल बनाने में कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।

## 926 पंजीकृत विद्यार्थियों में से 793 परीक्षा में हुए शामिल, सात केंद्रों पर रही कड़ी निगरानी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

रविवार को कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए परीक्षा हुई। यह परीक्षा उत्कृष्ट विद्यालयों, मॉडल स्कूलों और भोपाल स्थित श्रमोदय विद्यालय में प्रवेश हेतु थी। जिले के सात परीक्षा केंद्रों पर यह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। कुल 926 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 793 परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 133 अनुपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी एसपी सिंह जाटव ने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन के लिए शिक्षा विभाग द्वारा विशेष सुरक्षा और व्यवस्थाएं की गई थीं। सभी केंद्रों पर अभ्यर्थियों की उपस्थिति समय से पहले शुरू हो गई थी और परीक्षा सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई।



### कई केंद्रों पर अधिकारियों ने किया निरीक्षण

मुख्यालय पर एमएलबी गर्ल्स स्कूल और उत्कृष्ट विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया। इसके अतिरिक्त बासौदा, लटेरी, सिरोंज, नटेरन और ग्यारसपुर में भी परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए थे। इन सभी केंद्रों पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं परीक्षा देने पहुंचे। शिक्षा विभाग ने परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की थीं। परीक्षार्थियों के प्रवेश से लेकर परीक्षा समाप्ति तक कड़ी निगरानी रखी गई। अधिकारियों द्वारा लगातार केंद्रों का निरीक्षण किया गया, जिससे पूरी परीक्षा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सकी।

## देवपुर में भूमिपूजन आज

### 2 करोड़ 10 लाख की लागत से निर्मित होगी सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



बाबा विश्वनाथ के दर्शनार्थियों की सुविधा एवं क्षेत्रीय विकास को ध्यान में रखते हुए सिरोंज-आरोन मार्ग से अहिरवार मोहल्ला होते हुए ग्राम देवपुर तक प्रस्तावित सीसी रोड (बायपास मार्ग) निर्माण कार्य का भूमिपूजन आज विधायक उमाकांत शर्मा द्वारा किया जाएगा। ज्ञात हो की यह सड़क लगभग 2 करोड़ 10 लाख रुपए की लागत से निर्मित की जाएगी। भूमिपूजन कार्यक्रम आज सोमवार को दोपहर 2 बजे आयोजित होगा। कार्यक्रम का आयोजन बाबा विश्वनाथ मंदिर के पास, टीन शेड, ग्राम देवपुर, तहसील सिरोंज में किया जाएगा, प्रस्तावित बायपास मार्ग के निर्माण से श्रद्धालुओं को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी, साथ ही ग्राम देवपुर एवं आसपास के क्षेत्रों के विकास को भी नई गति प्राप्त होगी।

## जिले में 113 केंद्रों पर होगी गेहूं की खरीदी किसान 7 मार्च तक करा सकते हैं पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए किसानों के पंजीयन का काम शुरू हो गया है। किसान 7 मार्च तक पंजीयन करा सकेंगे।

जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय ने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए जिले में कुल 113 पंजीयन केंद्र बनाए गए हैं। जहां निःशुल्क पंजीयन किया जा रहा है। पंजीयन हेतु सिकमी एवं बटाईदार किसानों का पंजीयन मूल भू-स्वामी के आधार नंबर पर ओटीपी सत्यापन के बाद ही मान्य होगा। संबंधित अनुबंध को ई-उपार्जन पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। वनाधिकार पट्टाधारी किसानों के वन पट्टे तथा सिकमी-बटाई अनुबंध 02 फरवरी 2026 से पूर्व पंजीकृत होना आवश्यक है। पंजीयन के समय भूमि दस्तावेज, अनुबंध, कोटवार प्रमाण, वन पट्टा, आधार कार्ड और अन्य फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। किसानों को बैंक खाता नंबर व आईएफएससी कोड देना अनिवार्य है तथा खाता आधार और मोबाइल से लिंक होना चाहिए। जनधन, निष्क्रिय संयुक्त खाते एवं कुछ भुगतान बैंक मान्य नहीं होंगे। किसान शासकीय केंद्रों के अलावा लोक सेवा केंद्र, पंजीकृत सेंटर या साइबर कैफे से पंजीयन करा सकते हैं।

### विदिशा में सबसे अधिक 26 केंद्र बनाए

तहसीलवार पंजीयन केंद्रों में विदिशा में 26, बासौदा में 11, त्योंदा में 4, सिरोंज में 15, कुरवाई में 12, पठारी में 4, लटेरी में 10, नटेरन में 7, शमशाबाद में 8, ग्यारसपुर में 7 तथा गुलाबगंज में 9 केंद्र शामिल हैं।

## बेतवा मैराथन के विजेताओं को मिलेंगे आकर्षक नकद पुरस्कार

### 21 फरवरी को होगा आयोजन, 15 फरवरी तक पंजीयन, विजेताओं को आकर्षक नकद पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद द्वारा आयोजित बेतवा मैराथन-2026 की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।

यह मैराथन 21 फरवरी को मध्य प्रदेश टूरिज्म के सहयोग से आयोजित होगी। प्रतियोगिता के लिए पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है और प्रतिभागी 15 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आयोजकों के अनुसार हाफ मैराथन (21 किमी) में प्रथम पुरस्कार 21 हजार, द्वितीय 10 हजार और तृतीय 5 हजार रुपये दिया जाएगा। 10 किमी ओपन रन में क्रमशः 10 हजार, 5 हजार और 3 हजार रुपये तथा 5 किमी रन फॉर फन में 5 हजार, 3 हजार और 2 हजार रुपए की पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है। पुरुष एवं महिला वर्ग के लिए पुरस्कार अलग-अलग रहेंगे।

### 5 किमी की विशेष दौड़ आयोजित की जाएगी

मैराथन दौड़ के दौरान 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिकों हेतु 5 किमी की विशेष दौड़ भी आयोजित की जाएगी। मैराथन का शुभारंभ रवीन्द्रनाथ टैगोर सांस्कृतिक भवन ऑडिटोरियम से होगा। विभिन्न श्रेणियों के मार्ग स्वामी विवेकानंद चौराहा, चरणतीर्थ और उदयगिरि तक निर्धारित किए गए हैं, जहां से प्रतिभागी वापसी कर समापन स्थल पर पहुंचेंगे। 21 किमी दौड़ सुबह 5 बजे, 10 किमी सुबह 6 बजे और 5 किमी दौड़ सुबह 7 बजे प्रारंभ होगी। आयोजकों ने अधिक से अधिक नागरिकों, युवाओं और खेल प्रेमियों से भाग लेने की अपील करते हुए इसे स्वास्थ्य, खेल और पर्यटन को एक मंच पर लाने वाला महत्वपूर्ण आयोजन बताया है।

### मुनि संभवसागर बोले- हर परिवार वेदिका में एक शिला लगाएं

# 4 जिन प्रतिमाएं शीतलधाम में होंगी स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शीतलधाम परिसर स्थित बर्रो वाले बाबा मंदिर में चार जिन प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। संत शिरोमणि आचार्य गुरुदेव विद्यासागर की प्रेरणा और आचार्य समय सागर महाराज के आशीर्वाद से नगर में इन प्रतिमाओं की भव्य आगवानी यात्रा निकाली गई।

इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में पूरा शहर भक्तिमय माहौल में डूब गया। यह आगवानी यात्रा निर्यापक श्रमण मुनिश्री संभवसागर महाराज, मुनिश्री निस्सीम सागर महाराज और मुनिश्री संस्कार सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में निकाली गई। जुलूस में समाज के सदस्य अनुशासित पंक्तियों में चल रहे थे। सबसे आगे आकर्षक रथ में चारों जिन प्रतिमाएं विराजमान थीं, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनीं। नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए इस जुलूस का नागरिकों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। भक्ति संगीत, जयघोष और मंगल पाठ से वातावरण श्रद्धापूर्ण हो गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में महिला मंडल, युवा वर्ग और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने सक्रिय भागीदारी की।



### समवशरण में समान अवसर

इस अवसर पर मुनि श्री संभवसागर महाराज ने प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि समवशरण एक ऐसी व्यवस्था है जहां सभी जीवों को समान अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने प्रत्येक परिवार से वेदिका निर्माण में सहभागिता का आह्वान किया और कहा कि हर परिवार से एक शिला वेदिका में स्थापित होनी चाहिए।

### 12 से 15 तक शिलान्यास

शीतलधाम विदिशा में 12 से 15 फरवरी तक वेदिका शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यासागर नवयुवक मंडल, युवा वर्ग और महिला मंडलों ने सक्रिय भूमिका निभाई।



## खबर संक्षेप

### तार फेंसिंग के करंट से युवक की मौत



**गंजबासौदा।** त्योंदा में खेत में लगी तार फेंसिंग में करंट के तार लगे हुए थे। जिनमें रविवार को एक युवक उलझ गया और करंट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह दिनेश कुशवाहा उर्फ पांडा खेत में बांमई पर दूध चढ़ाने गया था। तभी खेत में लगी तार फेंसिंग में खेत के मालिक ने करंट के तार लगा रखे थे और दिनेश कुशवाहा इसी तार फेंसिंग में उलझ गया। जिससे उसकी करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिजन उसे अस्पताल ले आए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी ली और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### ओबीसी युवाओं की बैठक व ज्ञापन देंगे आज

**गंजबासौदा।** पिछड़ा वर्ग सामाजिक पहल एवं संपूर्ण ओबीसी समुदाय के तत्वावधान में 9 फरवरी 2026 को दोपहर 2 बजे ग्यारसपुर तहसील के पास स्थित कुशवाहा धर्मशाला, मेन रोड पर ओबीसी युवाओं की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक के पश्चात प्रतिनिधिमंडल द्वारा एसडीएम ग्यारसपुर को मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा जाएगा। आयोजकों ने बताया कि बैठक में यूजीसी से जुड़ी नीतियों, उच्च शिक्षा में समान अवसर, ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण को पूर्ण रूप से लागू करने तथा जातिगत जनगणना जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में ओबीसी को मिले 27 प्रतिशत आरक्षण में से केवल 13 प्रतिशत ही लागू है, जबकि शेष 14 प्रतिशत आरक्षण अब भी लंबित है, जो पिछड़े वर्ग के युवाओं के अधिकारों का हनन है। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को शांतिपूर्ण एवं संवैधानिक तरीके से संगठित होकर अपने अधिकारों के लिए आगे आने का आह्वान किया गया है। आयोजकों ने क्षेत्र के युवाओं एवं संगठनों से बैठक में उपस्थित रहने की अपील की है।

धनिया में माहू नाशक का छिड़काव....



### धनिया की फसल में कीटनाशक का छिड़काव शुरू

**गंजबासौदा।** इलाके में इस वर्ष धनिया की बोवनी पहले से अधिक रकबे में की गई है। किसानों द्वारा बोई गई धनिया की फस में अब फूल और फल लग रहे हैं और ऐसे में धनिया की फसल पर माहू का प्रकोप बढ जाता है। रसचूसक इस माहू नामक कीट द्वारा फलों एवं फूलों सहित पत्तियों का रस चूस लिया जाता है। जिससे पौधे की फूल एवं फलन अवस्था प्रभावित होकर उपज भी प्रभावित हो जाती है। इस कारण किसान इन दिनों अपनी धनिया की फसल को माहू से बचाव के लिए माहू नाशकों का छिड़काव करने में जुटे हुए हैं। यहां उल्लेखनीय है कि इलाके में हर साल धनिया की फसल का रकबा बढता जा रहा है।

## देश तभी साफ होगा, जब स्वच्छता में सबका हाथ होगा

# स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता का आयोजन स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर पालिका परिषद द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत नगर के सभी वार्डों में स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता के तहत प्रत्येक वार्ड का स्वच्छता, कचरा पृथक्करण, नियमित सफाई, जनभागीदारी एवं सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता के आधार पर आकलन किया जाएगा।

प्रतियोगिता के अंतर्गत 6 कैटेगरी में स्वच्छता की स्थिति का आकलन किया जाएगा, जिसमें स्वच्छ घर, स्वच्छ कार्यालय (शासकीय एवं अशासकीय), स्वच्छ अस्पताल (शासकीय एवं अशासकीय), स्वच्छ होटल, स्वच्छ मार्केट एवं स्वच्छ स्कूल (शासकीय एवं अशासकीय) शामिल हैं। आकलन उपरांत सबसे स्वच्छ वार्डों का चयन किया जाएगा एवं उन्हें सम्मानित / पुरस्कृत किया जाएगा, जिससे वार्ड स्तर पर स्वच्छता को लेकर सकारात्मक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिल सके। नगर पालिका परिषद द्वारा नगरवासियों से अपील की गई है कि वे अपने वार्ड, घर एवं आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाए रखने में सक्रिय सहयोग करें और इस प्रतियोगिता को सफल बनाएं।"स्वच्छ वार्ड] स्वच्छ शहर] स्वस्थ भविष्य" के संकल्प के साथ यह प्रतियोगिता नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नई ऊँचाइयों तक ले जाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगी।





आज स्वच्छता अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 4, रविदास कॉलोनी में रह वासियों के बीच बैठक का आयोजन किया गया। नगर पालिका परिषद गंजबासौदा की सहयोगी संस्था फीडबैक फाऊंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट की टीम द्वारा रह वासियों को समझाया गया कि कूड़ा क्या होता है? , इसके प्रकार कितने होते हैं? इसको अलग-अलग करने की आवश्यकता क्यों है? और यदि ऐसा ना हुआ तो इसके दुष्परिणाम जानलेवा होते हैं! इसीलिए इसका प्रबंधन अति आवश्यक है,कचरा प्रबंधन के माध्यम से शहर को कूड़ा मुक्त बनाया जा सकता है साथ ही हमारे पर्यावरण को हम स्वस्थ रख सकते हैं इसके लिए सबसे पहले हमें अपने घरों से निकलने वाले कूड़े को अलग-अलग करना होगा बिना कूड़े के अलग हुए इसको खत्म करना संभव नहीं है, जिसमें सभी रहवासियों की भागीदारी महत्वपूर्ण हो जाती है पृथक कूड़ा गाड़ी में एकत्रित होकर स्वच्छता पार्क पहुंचता है,जहां स्वच्छता सैनिकों द्वारा सूखे कूड़े को रिसाइकल किया जाता है और गीले कूड़े से खाद बनाई जाती है,अर्थात जो वस्तु जहां से आती है उसको वही विसर्जित कर दिया जाता है, ताकि यह कचरे के पहाड़ का रूप ना ले सके और हमारे भविष्य में प्रतिरोधक ना बने। हमें स्वच्छता को आदत में अपनाना होगा। तभी हम अपने शहर को कचरा मुक्त शहर की श्रेणी में ले जा सकेंगे। सभी रहवासियों ने बैठक के दौरान कही गई बातों को ध्यान से सुना और शहर की स्वच्छता में सहयोग हेतु आगे हाथ बढ़ाते हुए शपथ ग्रहण की कि हम अपने घर से निकलने वाले कूड़े को अलग-अलग कर स्वच्छता वाहन में ही देंगे और जब भी हम बाजार सामग्री लेने जाएंगे तो कपड़े से बनी थैली का उपयोग करेंगे।

## रक्त सेवा समिति की बैठक ग्राम नरोदा में संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रक्त सेवा समिति की एक विशेष बैठक रविवार को ग्राम नरौदा में आयोजित की गई। जिसमें समिति के सक्रिय सदस्य, महिला शाखा, युवा शाखा की कार्यकारिणी संयुक्त रूप से उपस्थित रहे।

सभी ने सामूहिक निर्णय लिया कि ग्रामीण क्षेत्र के सभी सेक्टर में रक्त समूह परिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे एवं समितियां का गठन करेंगे। साथ ही महिला दिवस के उपलक्ष्य में उत्कृष्ट और विशिष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान कार्यक्रम आयोजित होगा। साथ ही गंजबासौदा की नवीन अस्पताल में ब्लड बैंक की स्थापना के लिए मांग उठाने और ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में रक्त सेवा समिति के संस्थापक राजेश तिवारी, उपाध्यक्ष शैलेंद्र दीक्षित, परवेज फजलानी ,ओम प्रकाश जैन, हरि ओम भावसार, ममता जैन, विद्या घनश्याम यादव, शुभेन्द्र राजपूत, सौमित्र तिवारी, हरी नारायण शर्मा, रविशंकर लोहिया, राजेंद्र गौर, महेंद्र रघुवंशी, मुन्नालाल दुबे, मुकेश तिवारी ,अजय संगर, अनुपमा संगर ,प्रमिला तिवारी, अंजू, संगीता, अनुराधा, शशि रामबिहारी पाठक, आशा शरद भावसार, हरिनारायण शर्मा, मनोज शर्मा, पीयूष दुबे, शांति कुमार जैन, मोहित भार्गव ,नीरज शर्मा, रमन तिवारी, सूरजभान राजपूत, सीमा दुबे, कविता शर्मा, रिहाना फजलानी, शरद दिक्षित ,सुषमा भावसार, आदित्य अरोड़ा, रेखा साहू ,सुनीता रघुवंशी, सुषमा शर्मा, अरुण जैन ,जगपाल लोधी, खीलन सिंह गुर्जर, विद्यासरण शर्मा, सुरेश जैन, शालिग्राम शर्मा, मुन्ना लाल दुबे, दिनेश तिवारी एवं अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। आभार प्रवेश फाजलानी ने व्यक्त किया।

### 24 फरवरी से होंगे पंच कल्याणक व गजरथ महा महोत्सव, तैयारियां शुरू



**गंजबासौदा।** आगामी 24 फरवरी से नगर में पंच कल्याणक महोत्सव एवं गजरथ महा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर आयोजन समिति ने स्थानीय पुरानी कृषि उपज मंडी में तैयारियां शुरू कर दी है। सात दिवसीय कार्यक्रम दिनांक 24 फरवरी से 2 मार्च तक पंच कल्याणक महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। पंच कल्याणक समिति के अध्यक्ष संतोष जैन कटारे ने बताया कि स्थानीय श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर ( शांतिनगर ) , त्योंदा रोड़ में चौबीस तीर्थंकर भगवान के पंच कल्याणक एवं वेदी प्रतिष्ठा किया जाना है। नवाचार्य समय सागर महाराज के मंगल आशीर्वाद एवं मुनि श्री विमल सागर महाराज के सानिध्य में कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। मुनिश्री विमल सागर महाराज ससंघ पद विहार निरंतर गंज बासौदा की ओर चल रहा है। नगर गंज बासौदा की जैन समाज निरंतर मुनि संघ के पद विहार में साथ चलकर पुण्य अर्जित कर रही है। मुनि संघ का विहार खुरई, पठारी, त्योंदा, सिरनोटा होते हुए 11 फरबरी को नगर में प्रवेश होगा। वहीं मुनि संघ की नगर अगवानी हेतु सकल जैन समाज द्वारा व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। साथ ही वेदी प्रतिष्ठा हेतु चौबीस तीर्थंकर भगवान की प्रतिमाएं आज नगर में पहुंच चुकी हैं।



## जयंती मनाकर बसपा ने सौंपा ज्ञापन

**गंज बासौदा।** बहुजन समाज पार्टी विधानसभा क्षेत्र के तत्वावधान में रविदास जयंती पखवाड़े के अन्तर्गत विधानसभा स्तरीय संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंति आंबेडकर चौक पर मनाई गई। जिसके मुख्य अतिथि इमरतलाल तिलवार जिला प्रभारी विदिशा एवं विशेष अतिथि के रूप में एड, हरिनारायण मौर्या जिला प्रभारी बसपा, कन्हैयालाल दिवाकर पूर्व जिला अध्यक्ष, बसपा बालकिशन अहिरवार जिला अध्यक्ष बसपा मौजूद रहे। कार्यक्रम संचालन नाथूराम अहिरवार ने किया। अंत में जन समास्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा गया। जिसमें नवीन स्मार्ट मीटर पर रोक लगाई जावे, वृद्धावस्था, विकलांग पेंशन बढ़ाकर 1500 की जावे, प्रधानमंत्री आवास योजना राशि बढ़ाकर जल्द भुगतान किया जावे , भारत रत्न बाबा साहब अम्बेडकर को फोटो स्वतंत्रता दिवस गणतंत्र दिवस पर लगाई जावे, शासकीय कार्यालयों न्यायालय आदि में फोटो लगाई जावे, गरीबी रेखा का सर्वे कराकर गरीबी रेखा में दर्ज किया जावे एवं शासन की समस्त योजना का लाभ दिए जावे , कर्मचारियों की ओल्ड पेंशन बहल की जावे आदि मांगें शामिल रहीं। इस मौके पर अखिलेश सूर्यवंशी, महाराज सिंह दिवाकर, जयराम अहिरवार, राकेश अम्बेडकर आदि मौजूद रहे।

## हनुमान चालीसा पाठ का 115 वां चरण श्रद्धा व भक्तिभाव के साथ संपन्न



**गंजबासौदा।** हिंदू चेतना सेवा समिति मंडल गंजबासौदा द्वारा नगर में निरंतर चलाए जा रहे "नशा मुक्त भारत अभियान" एवं युवाओं को धर्म और आध्यात्म से जोड़ने के विशेष अभियान के अंतर्गत हनुमान चालीसा पाठ का 115वाँ चरण शनिवार को रघुवंशी धर्मशाला में हर्षोल्लास एवं भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान राम, लक्ष्मण, जानकी जी और हनुमान जी के विग्रह के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पूजन-अर्चन के साथ किया गया। इसके पश्चात उपस्थित सभी श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक रूप से सात बार हनुमान चालीसा का सस्वर पाठ किया गया। संपूर्ण वातावरण "जय श्री राम" और "जय हनुमान" के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। पाठ के उपरांत विधिवत आरती की गई तथा सभी भक्तों को प्रसादी का वितरण किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर श्री रघुवंश सेवा परमार्थ ट्रस्ट गंजबासौदा के अध्यक्ष रामकृष्ण रघुवंशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के व्यस्त और भागदौड़ भरे जीवन में भी युवाओं और समाज के लोगों का धर्म एवं संस्कृति के प्रति यह समर्पण अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, आपसी भाईचारा बढ़ता है और नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने सभी उपस्थित हिंदू वीरों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी उत्साह के साथ कार्यक्रमों में सहभागिता बनाए रखने का आग्रह किया। समिति अध्यक्ष ने बताया कि हिंदू चेतना सेवा समिति द्वारा यह अभियान लगातार जारी रहेगा और नगर के विभिन्न मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों पर क्रमवार हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जाता रहेगा, ताकि अधिक से अधिक लोग धर्म और अध्यात्म से जुड़ सकें तथा समाज में नशा मुक्त और संस्कारवान वातावरण का निर्माण हो सके। इस पावन आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से हिंदू वीर राकेश सिंह रघुवंशी, आकाश जैन, निशिकांत माथुर, नितिन अग्रवाल, महेंद्र पाल, संतोष विश्वकर्मा, लखन गुर्जर, नरेंद्र राय, अर्णव रघुवंशी, जीतेश प्रजापति, सतनाम सिंह, मनीष सेन, रवि रघुवंशी, गजराज राय, दिलीप सिंह रघुवंशी, रीतेश , लव गुर्जर, धर्मेंद्र कुशवाह, देव प्रजापति एवं बहन नीतू चौबे सहित अनेक धर्मप्रेमी बंधु सम्मिलित हुए।

### श्रमदान दल ने की रिपटा घाट की सफाई, नागरिकों से की अपील

# साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 का 18 वां चरण संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रिपटा घाट पर साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 के अंतर्गत 18 वें चरण का नदी जल स्वच्छता कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। ज्ञात है कि नदी जल स्वच्छता अभियान किसी एक दिन की औपचारिक गतिविधि नहीं, बल्कि लगातार पाँच वर्षों से जारी एक जन-आंदोलन है, जिसे श्रमदान दल गंजबासौदा के समर्पित कार्यकर्ता बिना थके, बिना रुके निरंतर आगे बढ़ा रहे हैं। हर सप्ताह घाट पर उतरकर कचरा उठाना, प्लास्टिक निकालना और नदी को उसकी मूल स्वच्छता लौटाने का प्रयास यह सब केवल सफाई नहीं, बल्कि समाज को आईना दिखाने का कार्य है। साप्ताहिक श्रमदान अभियान का सबसे कठोर और पीड़ादायक सत्य यही है कि पाँच वर्षों की निरंतर मेहनत के बावजूद क्षेत्रवासियों में नदियों और प्रकृति के प्रति अपेक्षित जागरूकता आज भी नदारद है। आज भी वही दृश्य बार-बार सामने आता है घरों का कचरा, प्लास्टिक, फूल-मालाएँ, पूजन सामग्री और अन्य अपशिष्ट बिना किसी संकोच के नदी में प्रवाहित किए जा रहे हैं। और घाटों पर फेंका जा रहा है। एक ओर दल के लोग हर सप्ताह श्रमदान कर नदी को स्वच्छ करने में पसीना बहाते हैं,तो दूसरी ओर कुछ हाथ उसी नदी को फिर से गंदा करने में लगे रहते हैं। यह विरोधाभास अब असहज नहीं, बल्कि शर्मनाक होता जा रहा है।

अब सवाल टालने का समय नहीं और न ही यह प्रश्न टालने योग्य है बल्कि खुद से पूछने का है क्या नदी केवल श्रमदानियों की जिम्मेदारी है? क्यों कि नदी स्वच्छता कार्यक्रम का मूल केवल सफाई नहीं, समाज के विवेक को झकझोरने का प्रयास भी है। श्रमदान दल गंजबासौदा का यह महाअभियान केवल कचरा हटाने तक सीमित नहीं है। यह समाज के सोए हुए विवेक को झकझोरने का प्रयास है। निरंतर जारी अभियान याद दिलाने का प्रयास है कि नदी में कचरा बहाना कोई परंपरा नहीं, सीधा-सीधा प्रदूषण है और मूक प्राणियों की हत्या है। 18 वे चरण के स्वच्छता कार्यक्रम के दौरान श्रमदान दल के सदस्य आकाश जैन ने समाज की मानसिकता पर गंभीर टिप्पणी करते हुए कहा"आधुनिकता के इस युग में लोग अपने अधिकारों के लिए आवाज़ बुलंद करते हैं, संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों के लिए लड़ते है, सोशल मीडिया पर सक्रिय रहते हैं, जन-आंदोलनों में भाग लेते हैं, लेकिन जब बात कर्तव्यों की आती है,तो वही समाज और वही लोग बगले झांकते नज़र आते हैं।समाज का यह दोहरा चरित्र पर्यावरण और नदियों के लिए बेहद दुखदायी है।

उन्होंने आगे कहा कि आज आवश्यकता है कि क्षेत्रवासी केवल श्रमदान देखने वाले या श्रमदानियों की सराहना करने वाले न बनें, बल्कि नदी की पीड़ा को समझने वाले सहभागी नागरिक बनें। साथ ही साथ यह भी कहा कि श्रमदान दल गंजबासौदा का संकल्प पूरी तरह अडिग है।

# शिव महापुराण कथा के पूर्व निकाली भव्य कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



राजेंद्र नगर क्षेत्र में डिडौली मंदिर के पास नीरज शर्मा के बगीचे में आयोजित हो रही शिव महापुराण कथा के पहले कलश यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार और 'हर-हर महादेव' के जयघोष के साथ हुई। कलश यात्रा सुबह शीतला माता मंदिर में पूजा के बाद प्रारंभ हुई। बैंड-बाजे और ढोल-धमाकों के साथ निकली इस यात्रा का क्षेत्र में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

यात्रा में महिलाएं और युवतियां सिर पर कलश धारण कर चल रही थीं। यह यात्रा बासौदा क्षेत्र के प्रमुख मार्गों से होते हुए कथास्थल राजेंद्र नगर डिडौली मंदिर के पास नीरज शर्मा के बगीचे कथा स्थल तक पहुंची। यहां कलश स्थापना के साथ कथा का विधिवत शुभारंभ हुआ। कथा के दौरान रुद्राक्ष वितरण के साथ शिव-पार्वती और गणेश विवाह प्रसंग भी आयोजित किए जाएंगे। पहले दिन कथावाचक आचार्य पंडित विकास आनंद ऐलिया ने शिवोपासना का महत्व बताते हुए कहा कि पौराणिक मान्यता के अनुसार कलश के मुख में विष्णु, कंठ में महेश, मूल में ब्रह्मा तथा कलश के मध्य में देवी की शक्तियों का वास होता है। अतः, कलश को देवताओं और तीर्थ स्थानों आदि की शक्तियों के प्रतीकात्मक रूप में स्थापित किया जाता है। शास्त्रों में बिना जल के कलश/रखना अशुभ माना गया है। इस कारण कलश पर जल, पान और आम के पत्ते, केसर, अक्षत, कुमकुम, दूर्वा-कुश, सुपारी, फूल, कपास, नारियल, अनाज आदि पूजन के अनुसार रखे जाते हैं, जिससे लोगों को सकारात्मकता के साथ ही, सुख-समृद्धि की भी प्राप्ति होती है। भगवान शिव को लोक कल्याणकारी और भक्तों का हितकारी बताया। उन्होंने शिव महिमा का बखान किया और शिव पूजा के महत्व पर प्रकाश डाला। कथा के पहले दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा सुनने पहुंचे। आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्सव का माहौल बना हुआ है और कथा स्थल पर भगवान के ध्वजा लगाए गए हैं। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सुनाई जा रही है। कथा की मुख्य यजमान नीता नीरज शर्मा, वंदना दिलीप शर्मा, आचार्य भूपेंद्र पांडे, अशोक महाराज, विपिन महाराज सहित समस्त आचार्य उपस्थित रहे।

### वाहन चालकों से वसूला 4400 रुपए का जुर्माना

**गंजबासौदा।** नगर में रविवार को यातायात पुलिस द्वारा त्योंदा रोड पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें यातायात प्रभारी निरपत सिंह लोधी के नेतृत्व में बगैर हेलमेट और तीन सवारी और फोर व्हीलर वाहनों पर सीट बेल्ट का उपयोग न करने वाले वाहनों की जांच की गई। जिसमें करीब 13 वाहन चालकों पर करीब 4400 रूपए का जुर्माना लगाया गया और नियमानुसार एवं सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ वाहन चलाने की समझाइश दी गई। ताकि वाहन चालक सुरक्षित रहें और सडक दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

सुरखी विधानसभा के अंतिम छोर के गांव तक पहुंचेगी शिक्षाः मंत्री गोविंद सिंह राजपूत

# किसी भी प्राइवेट स्कूल से कम नहीं होगी सांदीपनि विद्यालय की शिक्षा और व्यवस्थाएंः मंत्री उदयप्रताप

**जैसीनगर में किया स्कूल शिक्षा एवं परिवहन विभाग मंत्री ने 38 करोड़ की लागत से बने सांदीपनि विद्यालय का शुभारंभ, स्कूल शिक्षा मंत्री ने सुरखी विधानसभा क्षेत्र के लिए बड़ी घोषणा, जल्द खोले जाएंगे बिलहरा और सुरखी में करोड़ों की लागत से नये सांदीपनि विद्यालय**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



सुरखी विधानसभा क्षेत्र के जैसीनगर में विकास की एक और नई इबारत लिखी गई जहां 38 करोड़ की लागत से बने सांदीपनि विद्यालय का शुभारंभ स्कूल शिक्षा एवं परिहवन मंत्री राव उदयप्रताप सिंह द्वारा किया गया। खाद्य,नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने मंत्री राव उदयप्रताप सिंह का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदयप्रताप सिंह ने कहा कि आज पूरे प्रदेश में निजी स्कूलों से अच्छे बन रहे सांदीपनि विद्यालय यह सब जनता जनार्दन के आर्शीवाद से ही संभव हुआ है। सिंह ने कहा कि देश का नेतृत्व आज एक ऐसा राष्ट्र भक्त व्यक्ति के हांथों में है जिनकी दृढ़ इच्छाशक्ति और संकल्पों से विश्व में एक अलग पहचान बना चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि हर व्यक्ति सर पर छत हो, जिसको लेकर उनका अभियान चल रहा है। उनके नेतृत्व में हमारे जनप्रिय नेता डॉ.मोहन यादव लगातार म.प्र. को उंचाईयों की ओर ले जा रहे हैं। सरकार ने हर व्यक्ति की छोटी-छोटी चीजों को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाई ताकि हर व्यक्ति विकास की योजनाओं से जुड़कर अपना और अपने परिवार का विकास कर सके। सिंह ने मंत्री गोविंद सिंह राजपूत को मसीहा बताते हुए कहा कि सुरखी की जनता ने एक मजबूत जनप्रतिनिधि को चुना है, जिसने जनता की आवाज को मजबूती से सरकार के सामने रखा और सुरखी विधानसभा में विकास के नये आयाम बनाये हैं। उन्होंने कहा कि सुरखी के पास एक नहीं दो-दो जनप्रतिनिधि है यदि मंत्री राजपूत भोपाल में होते हैं तो सुरखी के पास हीरा सिंह राजपूत हमेशा उपस्थित रहते हैं। स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदयप्रताप सिंह ने अपने उदबोधन में कहा कि मंत्री गोविंद सिंह राजपूत की मांग पर जल्द ही बिलहरा और सुरखी में करोड़ो के नये सांदीपनि विद्यालय खोले जायेंगें। अभी राहतगढ़ और जैसीनगर में आपके यहां यह विद्यालय खोले जा चुके हैं जिनमें प्राईवेट स्कूलों से अच्छी शिक्षा एवं व्यवस्थाएं मिलेगी। जिसमें अत्याधुनिक स्मार्ट क्लास, लैब, आने जाने के लिए बसें, डिजीटल लाजनिंग हब, पुस्तकालय, खेल परिसर, कोरीडोर, निःशुल्क कोचिंग, कैरियर काउंसिलिंग, इनडोर, आउटडोर खेल की सुविधा, बाउंड्रीवाल, आधुनिक तकनीकि और सुरक्षा लैस यह सांदीपनि विद्यालय ग्रामीण क्षेत्र के लिए शिक्षा की संजीवनी होगा।

इस अवसर पर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने मंत्री उदयप्रताप सिंह का अभिनंदन करते हुए कहा कि स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदयप्रताप सिंह का विशेष स्नेह है कि उनसे जो भी मांग की जाती है वह पूरी होती है, उनकी कार्य कुशलता के चलते शिक्षा एवं परिवहन विभाग में कई नवाचार हो रहे हैं।

# सिरोंज विकास खण्ड में 11 केन्द्रों पर होगी 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा आयोजित

## 4653 विद्यार्थी होंगे परीक्षा में शामिल




हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वी और 12वी की परीक्षाएं 10 फरवरी से प्रारंभ होने जा रही हैं। जिसकी तैयारियां भी शिक्षा विभाग ने कर ली है। विकासखंड सिरोंज में 10वी,12वी की परीक्षा के लिए इस वर्ष 11 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है।

इन केन्द्रों पर इस वर्ष लगभग 4653 विद्यार्थी परीक्षा देगें। जिसमें कक्षा 10वी के 2899 एंव कक्षा 12वी के 1754 विद्यार्थी शामिल होगे। वही ब्लॉक स्तर के उड़नदस्ते लगातार चेकिंग अभियान चलाएंगें।

परीक्षा केन्द्रों में बाहरी व्यक्तियों का केन्द्र के अंदर जाने पर प्रतिबंधित रहेंगे साथ ही सुरक्षा की दृष्टी से सभी केन्द्रों पर पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

### शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के इन केन्द्रों पर होंगी परीक्षाएं

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित होने वाली कक्षा 10वी एंव 12वी की परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु सिरोंज ब्लॉक में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में कुल 11 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। जो कि शहरी क्षेत्र में सांदीपनि विद्यालय सिरोंज, शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय सिरोंज, अशासकीय सरस्वती शिशु मंदिर उ.मा.वि सिरोंज, अशासकीय गंगा बाई जगमोहन दास हायर सेकेण्ड्री स्कूल सिरोंज,शुभ लाभ हायर सेकेण्ड्री स्कूल सिरोंज। तो वही ग्रामीण क्षेत्र में शासकीय उ.मा.वि भगवंतपुर, शासकीय उ.मा.वि मुगलसराय, शासकीय उ.मा.वि दीपनाखेडा, शासकीय हाई स्कूल कस्बाताल, शासकीय उ.मा. विद्यालय गरेठा, नवांकुर हायर सेकेण्ड्री स्कूल पथरिया पर हाई स्कूल एंव हायर सेकेण्ड्री स्कूल के विद्यार्थिओं की परीक्षाए संपन्न होगी। उक्त जानकारी ब्लॉक शिक्षा अधिकारी उमेश सोनी द्वारा दी गई।

# युवा जागरूक अभियान के तहत हुई कुशवाह समाज की बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

कुशवाह समाज युवा जागरूक अभियान के तहत रविवार को ग्राम विशेषपुर में बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बैठक में समाज जनों ने समाज में फैली कुरूतियो पर चर्चा की। जिसमे शिक्षा के प्रति समाज के बच्चो को पढ़ाए और स्वरोजगार स्थापित करें। साथ ही नशामुक्ति और समाज के लोग नशा खुद भी न करें और दूसरों को भी न करने दे व नशा करके वाहन न चलाएं। इसी के साथ मृत्यु भोज छोटे स्तर पर करें, बच्चे बच्चियों की शादी में फिजुली खर्च न करे, शादी या अन्य आमंत्रण पत्र व्हाट्सएप पर स्वीकार करें। जिससे आगमन में घटनाएं होती हैं वह नहीं होगी और समय की बचत होगी, आदि विषयों पर बैठक में चर्चा हुई। इस दौरान जिला अध्यक्ष राकेश कुशवाह, ब्लॉक अध्यक्ष भूरा कुशवाह, मां शारदा मैरिज गार्डन मालिक सचिन कुशवाह, समाजसेवी रामबाबू कुशवाह, प्रताप कुशवाह, सोनू कुशवाह, मंगल सिंह, आशाराम पप्पू, अभिषेक, ओमप्रकाश, नीतेश, संतोष हलकेराम, रानू कुशवाह सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

### भूपेंद्र की ब्लड हेल्पलाइन सेवा के माध्यम से गत तीन सप्ताह में 90 जरुरतमंदों को निःशुल्क रक्त मिला

**सागर।** मध्यप्रदेश के पूर्व गृहमंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के कार्यालय से संचालित रक्त सेवा हेल्पलाइन सेंटर के माध्यम से 19 जनवरी से 7 फरवरी के मध्य 90 जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराया गया है। विगत 2 जून, 2025 को आरंभ हुए इस सेवा प्रकल्प से अभी तक कुल 530 गरीब जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराया जा चुका है। "भूपेंद्र भैया की ब्लड हेल्प हेल्पलाइन" सागर जिले के बीमारों और जरूरतमंदों के लिए जीवन रक्षक बन कर सामने आई है। इस जनोपयोगी प्रकल्प रक्त हेल्पलाइन सेवा के माध्यम से जरूरतमंदों मरीजों को निशुल्क रक्त उपलब्ध कराते हुए मरीजों की जान और पैसा दोनों बचाए जा सके हैं। गत 3 सप्ताह में जिन 90 जरूरतमंदों को इस सेवा से रक्त उपलब्ध हुआ उनमें सागर जिले के क्षेत्रों, बंडा, केसली, गौरझामर, गढ़ाकोटा, खुरई, सुरखी, रहली राहतगढ़ मालथौन, नरयावली, बांदरी, बीना के ग्रामों व वार्डों से सागर संभागीय मुख्यालय पर इलाज कराने आए मरीज शामिल हैं। रक्तदान को सेवा प्रकल्प के रूप में अपनाने वाले पूर्व गृहमंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह तथा उनके पुत्र अविराज सिंह के जन्मदिन पर इस वर्ष के मई तथा नवंबर माहों आयोजित हुए दो रक्तदान शिविरों में लगभग 2181 यूनिट रक्तदान हुआ है।

# खुदाई करने में मिला 6 किलो सोना बिकने तैयार, खरीदारी करने से बचें

## लालच बन सकता है बड़ी ठगी, संदिग्ध गैंग शहर में सक्रिय

**विदिशा।** पुलिस आमजन एवं व्यापारियों को सतर्क करती है कि अलवर (राजस्थान) एवं अन्य जिलों/राज्यों से आए संदिग्ध ठग गिरोह जिले में सक्रिय हो सकते हैं। यह गिरोह खुदाई में कथित रूप से प्राप्त 6 किलो सोना मिलने का झांसा देकर लोगों को लालच देता है। विश्वास में लेने के लिए यह गिरोह सोने का एक छोटा टुकड़ा जांच हेतु देता है, जो जांच में सही पाया जाता है। इसके बाद शेष सोना दिखाने या सौदा तय करने के बहाने किसी अज्ञात अथवा सुनसान स्थान पर बुलाया जाता है। जहाँ ठगी, लूट या अन्य आपराधिक घटना कारित की जा सकती है।

कुछ मामलों में शेष सोने के नाम पर नकली धातु थमाकर भी ठगी की जाती है। इस पूरी प्रक्रिया में गंभीर अपराध घटित होने की आशंका बनी रहती है। यदि कोई भी अज्ञात व्यक्ति सोना जांच हेतु छोटा टुकड़ा लेकर आए और बड़ी मात्रा में सोना मिलने या बेचने का दावा करे, तो किसी भी प्रकार की जांच, सौदेबाजी या लेन-देन न करें। ऐसे मामलों में विशेष सतर्कता बरतें और लालच में न आएँ।

विदिशा पुलिस की आमजन से अपील किसी भी प्रकार के अवैध सोने अथवा खुदाई से जुड़े प्रस्तावों से दूर रहें। अज्ञात व्यक्तियों के साथ नकद लेन-देन करने या अकेले मिलने से बचें। ऐसी किसी भी संदिग्ध स्थिति में तत्काल नजदीकी थाना, पुलिस कंट्रोल नंबर 9479999398 या डायल-112 पर सूचना दें।

# राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने दी तीसरी आंख लगाने 10 लाख की विधायक निधि

◆ नगर परिषद करेगी रखरखाव डिस्प्ले पर पुलिस कंट्रोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

नर्मदा क्षेत्र का प्रमुख व्यापारिक प्रशासनिक केंद्र अभी तक तीसरी आंख से निगरानी के मामले में पिछड़ा हुआ है। जब भी कोई बड़ी घटना होती पुलिस दुकानदारों के सीसीटीवी फुटेज मिलने पर आगे कार्रवाई करती है। यह पहली बार हो रहा है, जब विधायक निधि से मिली 10 लाख की राशि से नगर के छह प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने और तीसरी आंख की निगरानी में नगर के भीड़भाड़ वाले प्रमुख स्थान होंगे।

क्षेत्र के विधायक एवं राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने 10 लाख की विधायक निधि से सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए दी परंतु प्रावधान न होने से नियम में परिवर्तन किया गया और अब नगर में 10 लाख रुपए से प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का रास्ता साफ हो गया है।

### 6 प्रमुख स्थानों पर लगेंगे सीसीटीवी कैमरे



कामतोंन सीमा से लगे चौराहे दीनदयाल परिषद चौराहे ,नए बस स्टैंड, नवीन टॉकीज चौराहे, पिपरिया मार्ग तिराहे और पिपरिया मार्ग पर बने ओवर ब्रिज पर सीसीटीवी कैमरे लगने और नवीन टॉकीज चौराहे, दीनदयाल परिसर पर स्पीकर भी लगेंगे जिससे पुलिस कंट्रोल रूम से अलाउंस भी कर सकेगी पुलिस इन छह प्रमुख अति भीड़भाड़ वाले नगर के प्रमुख स्थानों पर नजर रखने के साथ यातायात व्यवस्था पर भी नियंत्रण करेगी। अगले 15- 20 दिनों में कैमरे लगने की उम्मीद व्यक्त की जा रही है। इन 6 कैमरे लग जाने के बाद भी नगर के अनेक ऐसी प्रमुख भीड़भाड़ वाले स्थान हैं, जहां सीसीटीवी कैमरा लगाए जाना अति आवश्यक है। नागरिकों व्यापारियों द्वारा कैमरे लगाए जाने की मांग की जा रही है।

### इनका कहना है

नगर में कानून व्यवस्था के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने पुलिस ने जरूरत बताई थी पहले शासन स्तर पर विधायक निधि से कैमरे लगाने का प्रावधान कराया फिर विधायक निधि से कैमरे लगाने 10 लाख की अनुशंसा की गई।
**- नरेंद्र शिवाजी पटेल,** राज्यमंत्री

विधायक निधि से 10 लाख की राशि उपलब्ध कराने पुलिस की ओर से राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल का धन्यवाद आभार अगले पखवाड़े तक सीसीटीवी कैमरे लग जाने की उम्मीद है।
**- कपिल गुप्ता,** टीआई बरेली

विधायक निधि से लगने वाले कैमरे के रखरखाव एवं संधारण की जिम्मेदारी नगर परिषद ने ली है। कैमरे लगने से सुरक्षा और यातायात नियंत्रित होगा। **- हेमंत राजा भैया चौधरी,** अध्यक्ष नप बरेली।

### सरल महिला विकास समीति ने सिविल अस्पताल में किया सामग्री का वितरण

**बरेली।** सरल महिला विकास समीति की अध्यक्ष अर्चना नाहर एवं संरक्षक अजय नाहर द्वारा सिविल अस्पताल में पहुंचकर जरूरी सामग्री का प्रतिमाह वितरण किया जाता है। इसी श्रृंखला में श्रीमति नाहर एवं अजय नाहर द्वारा सिविल अस्पताल के विभिन्न वार्डो में उपचार करा रहे मरीजों, बच्चों एवं महिलाओं को फल, बिस्किट बच्चों को वस्त्र प्रदान कर पोषण की जानकारी ली एवं माताओं से प्रसव के दौरान मिलने वाली सुविधाओं एवं एनआरसी में भर्ती कुपोषित बच्चों के पोषण की जानकारी ली।

आइसीयू वार्ड में भर्ती मरीजों का हाल-चाल जाना एवं शीर्घ ठीक होने की कामना की इस अवसर पर सिविल अस्पताल के बीएमओ डॉ. हेमन्त यादव ने सिविल अस्पताल में मिलनें वाली सुविधाओं की जानकारी दी बताया की शासन की विभिन्न योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी।

# बीमार घायल पशुओं को पशु अस्पताल में भर्ती कर उपचार की नहीं व्यवस्था

## 70 वर्ष पुराना पशु चिकित्सालय भवन जर्जर क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली



जब मध्य प्रदेश बना तभी नगर में पशु चिकित्सालय भवन का निर्माण होने के साथ पशु चिकित्सालय की सुविधा प्राप्त हुई पिछले 70 वर्षों में मोटी दीवालों और खपरैल वाला पशु चिकित्सालय अनेक स्थानों से धरासाही जर्जर और क्षतिग्रस्त खंडहर में तब्दील हो गया है। जहां घायल बीमार पशुओं को भरती कर उपचार की सुविधा नहीं है।

इसी के साथ ग्रामीण क्षेत्र के अधिकांश सहायक पशु चिकित्सालय केंद्र मैदानी अमले की काफी कमी से प्राइवेट में पशुओं का उपचार कराना पशुपालकों की मजबूरी बना हुआ है।

### मुख्यमंत्री ने की घोषणा

जब 16 जून को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव बरेली आए थे तो क्षेत्र के विधायक एवं राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल की मांग पर नए पशु चिकित्सालय भवन निर्माण की मांग पर घोषणा करने के साथ 50 लाख 19 हजार की राशि स्वीकृत होने के बाद भी अभी तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है।

### पशु चिकित्सालय भूमि पर अतिक्रमण

चेनपुर रोड के पास पशु चिकित्सालय खंडहर के रूप में खड़ा हुआ है। पशु चिकित्सालय के पास जितनी भूमि है उतनी ही भूमि खाली पड़ी पशु अस्पताल की भूमि पर आसपास के लोगों द्वारा अवैध कब्जा अतिक्रमण कर मकान तक बना लिए गए हैं।

पशु चिकित्सालय की भूमि पर संजीवनी क्लीनिक का पिछले वर्ष निर्माण पूर्ण हो जाने लाखों की राशि खर्च हो जाने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सा सुविधा शुरू न किए जाने से लाभ नहीं मिल रहा है। अस्पताल भवन निर्माण के साथ सरकारी भूमि पर हुए भारी अतिक्रमण हटाने की प्रभावी कार्यवाही जरूरी है।

# शिव अखाड़ा व्यायाम शाला कराएगा महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन

## आज से सात दिवसीय संगीतमयी शिव पुराण कथा प्रारंभ

**महाशिवरात्रि पर्व पर नगर में निकलेगी शिवजी की बारात, 5 कन्याओं के होंगे सामूहिक विवाह**

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली



प्रति वर्ष की भांति श्री शिव अखाड़ा एवं व्यायाम शाला द्वारा महा शिवरात्रि पर्व मनाने की व्यापक तैयारियां की गई है। महा शिवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत आज 9 फरवरी से प्रेम नगर कॉलोनी में 7 दिवसीय संगीतमयी शिव महापुराण कथा प्रारंभ हो रही है। जिसका समापन 15 फरवरी महा शिवरात्रि पर विराट महा शिव बारात निकालने महा रूद्राभिषेक एवं 5 गरीब कन्याओं के सामूहिक विवाह सम्पन्न होगें।

रात्रि में मंचीय कार्यक्रम भी होगा जिसमें मुख्य अतिथि नरेन्द्र शिवाजी पटैल राज्य मंत्री और अध्यक्षता न.प. अध्यक्ष हेमन्त राजा भैया चौधरी द्वारा की जाएगी जिसमें एक दर्जन से अधिक गणमान्यों को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।

### शिवमहापुराण कथा की तैयारियां हुई पूरी

प्रति वर्ष शिव अखाड़ा, व्यायाम शाला द्वारा शिव बारात निकाल कर 5 कन्याओं के विवाह कर महा शिवरात्रि पर्व मनाया जाता है। इस वर्ष श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का भी सात दिवसीय आयोजन हो रहा है। अयोध्या धाम से पधारी पूर्व डीएसपी संत साध्वी सुनीता देवी द्वारा भगवान शिव की महिमा उपासना, तपस्या, साधना, पूजा से मिलने वाले पुण्य लाभ का प्रतिदिन वर्णन किया जाएगा।

प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक कथा का समय रखा गया जिसकी प्रेम नगर कालौनी में व्यापक तैयारियां की गई है।

कृषि, उद्यानकी विभाग की लाभकारी योजनाओं का नहीं मिल रहा लाभ

# कृषि विभाग में मैदानी अमले की भारी कमी

**कृषि प्रधान नर्मदा क्षेत्र में परंपरागत खेती में लगे हजारों किसान**

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

नर्मदा क्षेत्र की चार प्रमुख तहसील है। देवरी, उदयपुरा, बाड़ी और बरेली में लाखों एकड़ कृषि भूमि और हजारों किसान आज भी पारंपरिक खेती ही कर रहे हैं। आधुनिक वैज्ञानिक ढंग से खेती उद्यान की फलोद्यान, औषधीय फसलों की खेती करने केंद्र एवं प्रदेश की सरकार द्वारा योजनाएं प्रारंभ किए वर्षों बीत गए इसके बाद भी लाभ नहीं मिल रहा है। इसका मुख्य कारण कृषि विभाग में मैदानी अमले की भारी कमी बनी हुई है।

किसानों को कृषि विभाग के मैदानी अमले द्वारा विभाग की विभिन्न लाभकारी अनुदान योजना की जानकारियां जागरूकता मदद न मिलने के साथ संतुलित मात्रा में विभिन्न रासायनिक खादों का उपयोग न होने एवं जैविक खेती करने जागरूकता के प्रति उदासीनता का माहौल बना हुआ है।




### प्रभारी के भरोसे कृषि विभाग

कृषि विभाग का बाड़ी में सब डिवीजन कार्यालय है। भूमि संरक्षण एसडीओ एवं वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी के पद प्रभारी के भरोसे बने हुए हैं। सब डिवीजन में औब्दुल्लागंज, बाड़ी और उदयपुरा ब्लॉक आते हैं। बाड़ी के वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी कार्यालय के अधीन बाड़ी, बरेली तहसीलों के हजारों किसानों को सलाह देने विभिन्न योजनाओं के लाभ इत्यादि के लिए 23 ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के पद स्वीकृत है। परंतु मात्र 11 ही कार्यरत हैं, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी का पद भी डेढ़ वर्ष से प्रभारी के भरोसे है। एक ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी पर दो-तीन का प्रभार बना रहने से प्रगति नहीं हो पाती है। कार्यालय में सहायक ग्रेड तीन का पद और दो वस्तु विशेषज्ञ के पद भी वर्षों से रिक्त बने हुए हैं।

### उद्यानिकी योजनाओं का नहीं मिल रहा किसानों को लाभ

केंद्र सरकार द्वारा रायसेन जिले को उद्यानिकी फसलों के लिए चयन किए बरसों हो गए परंतु बाड़ी, बरेली, उदयपुरा, देवरी तहसीलों में किसानों को सही मार्गदर्शन और सलाह नहीं मिलने से उद्यान की खेती औषधिय फसलों की खेती जैविक खेती के प्रति जागरूकता की कमी बनी हुई है। और अनुदान योजनाओं से हजारों किसान वंचित बने रहने की स्थिति में है।

### खतरा : जरा सी लापरवाही बरती तो जा सकती है वाहन चालकों की जान

# बिना संकेतक के नाला निर्माण के लिए खोदी मुख्य मार्ग की साइड, हादसे को दे रहीं न्योता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

पीडब्ल्यूडी द्वारा शहर के सौंदर्यीकरण को लेकर मुख्य मार्गों की साइड से लगभग 2 करोड़ 80 लाख रुपए की लागत से नाले का निर्माण कार्य किया जा रहा है। लेकिन व्यस्ततम मुख्य मार्ग पर कराए जा रहे नाला निर्माण कार्य ने वाहन चालकों और राहगीरों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों को पूरी तरह नजरअंदाज किया जा रहा है। न तो सड़क पर बैरीकेट्स लगाए गए हैं और न ही किसी प्रकार के चेतावनी बोर्ड या संकेतक मौजूद हैं। ऐसे में राहगीरों और वाहन चालकों के लिए हर कदम खतरे से खाली नहीं है।

- नियम ताक पर, मेन रोड पर निर्माण कार्य से दुर्घटना का डर

विभाग द्वारा सागर मार्ग पर पोस्ट ऑफिस कार्यालय से गर्ल्स स्कूल छात्रावास तक मुख्य मार्ग की साइड में करीब 4-5 फिट गहरे गड्डे खोद रखे है। वहीं सांची मार्ग पर माता मंदिर से लेकर तहसील कार्यालय तक सड़क की साइड खोदकर नाला निर्माण का कार्य किया जा रहा है, लेकिन विभाग द्वारा सुरक्षा का जरा सा भी ध्यान नहीं रखा गया है। ऐसे में वाहन चालकों या राहगीरों की जरा सी लापरवाही उन्हें इन गहरे गड्डों में गिरने से नहीं रोक सकती।

**शहर के सांची और सागर मुख्य मार्ग पर लापरवाही का खेल, खुदी सड़क साइड से कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा**



**कुछ ही दिन पहले ही इन गड्डों में रेत से भरा डंपर अनियंत्रित होकर पलट गया था।**



**पीडब्ल्यूडी विभाग की लापरवाही, सुरक्षा की दृष्टि से ना तो बैरिकेडस रखें और न ही कोई सूचना बोर्ड लगाया गया।**

## 2.80 करोड़ से पीडब्ल्यूडी द्वारा किया जा रहा है नाला निर्माण कार्य

### लोगों की मांग- प्रशासन करें हस्तक्षेप

शहरवासियों ने जिला प्रशासन और कलेक्टर से भी मामले में हस्तक्षेप की मांग की है, ताकि जनता की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। अब देखना यह होगा कि पीडब्ल्यूडी कब तक जागती है और कब तक लोगों को इस खतरे से राहत मिलती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर खुले नाले और गहरी खुदाई के कारण आए दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों, स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। दिन के उजाले में भी लोग संभलकर निकलने को मजबूर हैं, जबकि रात के समय स्थिति और भी भयावह हो जाती है। अंधेरे में गड्ढे नजर न आने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

### बैरिकेडस की संख्या बढ़ाई जाएगी

नाला निर्माण कार्य पीडब्ल्यूडी द्वारा भोपाल के ठेकेदार से कराया जा रहा है। नाला निर्माण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए ऐहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं। हम आम लोगों की सुरक्षा के लिए बैरिकेडस संख्या बढ़ाई जाएगी।
**- रमन कुमार**, इंजीनियर, लोक निर्माण विभाग रायसेन।

### नाला निर्माण में सुरक्षा को लेकर विभाग कर रहा नियमों की अनदेखी

नियमों के अनुसार किसी भी सड़क या नाला निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से बैरीकेट्स, रेडियम पट्टियां और दिशा सूचक बोर्ड लगाना अनिवार्य होता है। इसके बावजूद विभाग द्वारा इन नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। इससे पीडब्ल्यूडी की लापरवाह कार्यप्रणाली उजागर हो रही है।

### आवागमन प्रभावित दुर्घटना की भी बनी रहती है आशंका

स्थानीय दुकानदारों और रहवासियों का कहना है कि निर्माण कार्य के चलते आवागमन बाधित हो रहा है, वहीं दुर्घटना की स्थिति में जिम्मेदारी तय करना भी मुश्किल हो जाएगा। लोगों ने बताया कि कई बार वाहन चालक अचानक सामने गड्ढा देखकर ब्रेक लगाते हैं, जिससे पीछे से आने वाले वाहन टकराने की स्थिति बन जाती है। नागरिकों ने पीडब्ल्यूडी प्रशासन से मांग की है कि तत्काल निर्माण स्थल पर सुरक्षा इंतजाम किए जाएं और कार्य को नियमानुसार पूरा कराया जाए। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई और कोई दुर्घटना होती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी की होगी।



### पूर्व अध्यक्षों ने सौंपा नियुक्ति पत्र

# रवि खत्री बने श्री हिंदू उत्सव समिति के निर्विरोध अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

रविवार को श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष पद पर रवि खत्री को निर्विरोध चुने जाने के बाद शहर में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। जैसे ही उनके निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा हुई, समर्थकों और समिति सदस्यों ने ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर जश्न मनाया। वहीं शहर के सिद्ध दादाजी हनुमानजी मंदिर गंजबाजार से जूलूस भी निकाला गया, जिसका जगह जगह स्वागत कर मित्रों एवं शुभचिंतकों ने बधाई दी।

साथ ही नवनियुक्त श्री हिउस अध्यक्ष रवि खत्री को युवाओं द्वारा लड्डुओं से तौला गया।

समिति के वरिष्ठ सदस्यों ने रवि खत्री को निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने को संगठन की एकजुटता का प्रतीक बताया। उनका कहना है कि रवि खत्री के नेतृत्व में श्री हिंदू उत्सव समिति नए आयाम स्थापित करेगी और धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ समाजसेवा के कार्यों को भी आगे बढ़ाएगी।

शहर के निकाले जुलूस में समिति के कई वरिष्ठ सदस्यों के साथ अनेकों लोग शामिल रहे।

**शहर के मुख्य मार्गो से निकाला जुलूस, मित्रों व शुभचितकों ने दी बधाइयां**

### पूरी लग्न निष्ठा और इमानदारी से निभाऊंगा दायित्व

नवनिर्वाचित अध्यक्ष रवि खत्री ने समिति सदस्यों और शहरवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी लग्ननिष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने कहा, आप सभी ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, मैं आपकी उम्मीदों पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करूंगा। श्री हिउस के माध्यम से धार्मिक और सामाजिक आयोजनों को भव्य रूप दिया जाएगा।



# ई-अटेंडेंस से लेकर पेंशन-वेतनमान जैसी 21 मांगों को लेकर शिक्षकों ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

रविवार को अध्यापक एवं शिक्षक संगठनों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जोरदार आंदोलन किया। रैली कलेक्ट्रेट कार्यालय तक निकालकर शिक्षकों ने ई-अटेंडेंस, पुरानी पेंशन बहाली, वेतनमान, पदोन्नति सहित कुल 21 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश की डॉ मोहन सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद की।

रैली में जिलेभर से बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल हुए, जिससे शहर का माहौल आंदोलनमय नजर आया।रैली की शुरुआत स्थानीय महामाया चौक सभा स्थल से हुई, जो प्रमुख मार्गों से होते हुए कलेक्ट्रेट के पास समाप्त हुई। हाथों में तख्तियां, बैनर और नारे लिखी पट्टिकाएं लिए शिक्षक शिक्षिकाएं नारे लगाते चल रहे थे।

शिक्षकों का कहना है कि ई-अटेंडेंस प्रणाली अव्यवहारिक है और इससे शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। नेटवर्क की समस्या, दूरस्थ स्कूलों की स्थिति और अतिरिक्त प्रशासनिक दबाव को लेकर शिक्षक लंबे समय से नाराज हैं। वहीं पुरानी पेंशन योजना की बहाली, समयमान एवं क्रमोन्नति का लाभ, वेतन विसंगतियों का निराकरण, अतिथि शिक्षकों का नियमितीकरण, स्थानांतरण नीति में सुधार जैसी मांगें भी प्रमुख रहीं।

सभा को संबोधित करते हुए शिक्षक नेता सीताराम रैकवार, सूर्यप्रकाश सक्सेना, भंवर मौर्य ने कहा कि सरकार शिक्षा की गुणवत्ता की बात तो करती है, लेकिन शिक्षकों की मूलभूत समस्याओं की अनदेखी कर रही है। जब तक मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता। तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

**पुलिस विभाग ने रखा पुलिस अधिकारियों जवानों और परिजनों की सेहत का ख्याल**

# स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 480 पुलिस अधिकारियों कर्मियों व उनके परिजनों के स्वास्थ्य की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिला पुलिस विभाग द्वारा रविवार को पुलिस अधिकारियों व कर्मियों एवं उनके परिजनों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का पुलिस लाइन ग्राउंड में आयोजन किया गया। शिविर में सागर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल भोपाल के अनुभवी चिकित्सकों ने सेवाएं दीं।

शिविर में जिले के सभी थानों, रक्षित केंद्र एवं एसएएफ कैंप से आए पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों ने सहभागिता की। स्वास्थ्य शिविर में कुल 480 पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस



दौरान ब्लड प्रेशर, हाइपरटेंशन, शुगर जांच, ईसीजी, नेत्र परीक्षण एवं दंत परीक्षण जैसी आवश्यक चिकित्सीय जांचें की गईं। विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा परीक्षण के उपरांत सभी लाभार्थियों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी प्रदान किया गया।

चिकित्सकों की पर्ची के आधार पर शिविर में उपस्थित पुलिसकर्मियों और उनके परिजनों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया, जिससे उन्हें आगे के उपचार में राहत मिल सके। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे विशेष रूप से मौजूद रहे।

## शिवानी जालवान बनी आईबीपीएस-पीओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर के लिए वास्तव में यह गर्व का क्षण है कि शिवानी जालवान ने वर्ष 2025 में आईबीपीएस द्वारा आयोजित बैंकिंग सेवा की प्रतिष्ठित परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम प्रयास में ही परिवीक्षाधीन अधिकारी (पीओ) पद पर सफलता अर्जित की है। चयन के उपरांत उनका आवंटन इंडियन बैंक में हुआ है, जहां उनकी प्रशिक्षण अवधि मुंबई स्थित इंडियन बैंक ट्रेनिंग सेंटर में संपन्न होगी। कु. शिवानी जिले के देवनगर थाने में पदस्थ एएसआई सतीश जालवान की पुत्री हैं।



# किशोरी व्यक्तित्व विकास शिविर आयोजित सेवा भारती का एक किशोरी संस्कार केंद्र लिया गोद

### यंग इंडियंस टीम ने कुपोषित बच्चों की स्थिति सुधारने की बात कही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सेवा भारती रायसेन के तत्वावधान में रविवार को ग्राम बारला में किशोरी व्यक्तित्व विकास शिविर आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की किशोरियों में आत्मविश्वास, संस्कार, स्वास्थ्य जागरूकता एवं व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देना रहा।

इस अवसर पर यंग इंडियंस टीम विशेष रूप से उपस्थित रही। टीम ने सेवा भारती द्वारा संचालित एक संस्कार केंद्र को गोद लेने की घोषणा करते हुए सेवा भारती के सामाजिक, शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य संबंधी कार्यों में निरंतर सहयोग का भरोसा दिलाया। यंग इंडियंस टीम ने कुपोषित बच्चों की स्थिति सुधारने




के लिए एक विशेष कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने की बात भी कही, जिससे बच्चों को बेहतर पोषण, स्वास्थ्य देखभाल और मार्गदर्शन मिल सके। कार्यक्रम में उपस्थित समाजसेविका डॉ. किरण शेजवार एवं डॉ. शशि ठाकुर ने किशोरियों को स्वास्थ्य, स्वच्छता और आत्मनिर्भरता से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया। वहीं कुहू शर्मा एवं मीनल शेजवार ने व्यक्तित्व विकास से संबंधित गतिविधियों के माध्यम से किशोरियों को प्रेरित किया।

# 33/11 केवी उपकेंद्र में एवी स्विच, जंपर सहित अन्य विद्युत उपकरणों पर चला व्यापक मेंटेनेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर की विद्युत व्यवस्था को और अधिक सुरक्षित व मजबूत बनाने के उद्देश्य से रविवार को बिजली कंपनी के तकनीकी कर्मचारियों ने 33/11 केवी सिलवानी विद्युत उपकेंद्र में करीब 6 घंटे तक लगातार मेंटेनेंस कार्य किया। इस दौरान उपकेंद्र के यार्ड में लगे एवी स्विच, जंपर सहित अन्य महत्वपूर्ण विद्युत उपकरणों की गहन तकनीकी जांच कर आवश्यक सुधार किए गए। निर्धारित मेंटेनेंस कार्य के चलते नगर के कई क्षेत्रों में कुछ समय के लिए बिजली सप्लाई प्रभावित रही।

बिजली विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह मेंटेनेंस कार्य संभावित फॉल्ट, तकनीकी खराबियों और अनावश्यक बिजली कटौती से बचने के लिए किया गया। उपकेंद्र में लगे उपकरणों पर समय के साथ लोड बढ़ने और मौसमीय प्रभावों के कारण तकनीकी दिक्कतें उत्पन्न हो सकती हैं। इन्हीं समस्याओं को समय



रहते दूर करने के लिए विभाग द्वारा यह व्यापक मेंटेनेंस अभियान चलाया गया।

लगातार छह घंटे तक चली इस प्रक्रिया में तकनीकी कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत करते हुए सुरक्षा मानकों का पालन किया। यार्ड में लगे एवी स्विच की जांच कर उनके जंपरों को दुरुस्त किया गया, जिससे विद्युत प्रवाह सुचारू बना रहे। इसके अलावा अन्य सहायक उपकरणों की भी टेस्टिंग कर उन्हें दुरुस्त किया गया। विभागीय अधिकारियों के अनुसार इस तरह के रखरखाव कार्य भविष्य में बड़े ब्रेकडाउन की संभावना को काफी हद तक कम कर देते हैं।

मेंटेनेंस के दौरान बिजली आपूर्ति बंद रहने से उपभोक्ताओं को असुविधा का सामना करना पड़ा। हालांकि विभाग द्वारा पूर्व सूचना उपभोक्ताओं को दे दी गई थी। फिर भी दैनिक कार्यों पर इसका आंशिक प्रभाव देखा गया। इसके बावजूद अधिकांश नागरिकों ने भविष्य में बेहतर और स्थायी बिजली आपूर्ति के उद्देश्य से किए जा रहे इस कार्य को आवश्यक बताया।

स्थानीय कार्यालय में पदस्थ सहायक प्रबंधक (जेई) मनीष अहिरवार ने बताया कि विद्युत लाइनों और उपकरणों का समय-समय पर मेंटेनेंस बेहद जरूरी है। बिजली कंपनी लगातार विद्युत आपूर्ति देने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

### अनगढ़ श्रीहनुमान मंदिर में शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा में उमड़ी भीड़

# पंच कुंडात्मक श्री रुद्र महायज्ञ और भागवत कथा का शुभारंभ

**भक्ति और आस्था का विराट संगम, गाजे-बाजे के साथ निकली भव्य कलश यात्रा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर में रविवार का दिन आस्था, श्रद्धा और उल्लास के साथ ऐतिहासिक रूप में दर्ज हो गया। बजरंग चौराहा स्थित अनगढ़ हनुमान मंदिर परिसर में शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा, पंचकुंडात्मक श्रीरुद्र महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस विराट धार्मिक आयोजन में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की, जिससे पूरा नगर धर्ममय वातावरण में रंग गया।

कार्यक्रम की भव्य शुरुआत नगर के प्राचीन श्रीराम मंदिर, जमुनिया पुरा से दोपहर के समय हुई। गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और मंगल ध्वनियों के साथ निकली कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई आगे बढ़ी।



डीजे पर बज रहे धार्मिक एवं मंगल गीतों पर युवा श्रद्धालु झूमते-नाचते नजर आए, वहीं महिलाएं आकर्षक परिधानों में सिर पर कलश धारण कर पावन भजनों का गायन करती हुई चल रही थीं, जिसने यात्रा को विशेष आध्यात्मिक गरिमा प्रदान की।

कलश यात्रा में बालक-बालिकाएं भगवा ध्वज लहराते हुए उत्साह के साथ शामिल हुए। अनेक बालिकाएं पारंपरिक साफा बांधे हुए आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। यात्रा में शामिल यजमान श्रीमद्भागवत महापुराण को सिर पर धारण कर चल रहे थे, जिनकी नगर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा श्रद्धापूर्वक आरती उतारी गई। आकर्षक सजे रथ पर यज्ञाचार्य पंडित संजय शास्त्री एवं कथा व्यास पंडित नरेश शास्त्री विराजमान थे, जिनका जगह-जगह पुष्पवर्षा व स्वागत कर श्रद्धालुओं ने आशीर्वाद प्राप्त किया।

चल समारोह में व्यायामशाला की बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत किए गए आकर्षक करतबों ने सभी का मन मोह लिया। नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया। भव्य यात्रा का समापन बजरंग चौराहा स्थित कार्यक्रम स्थल पर हुआ, जहां विधि-विधान के साथ मंत्रोच्चार के बीच अनुष्ठान सम्पन्न कराया गया। इसके पश्चात पंचकुंडात्मक श्री रुद्र महायज्ञ, शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा एवं श्रीमद्भागवत कथा का विधिवत शुभारंभ हुआ।

यह आठ दिवसीय धार्मिक आयोजन श्री अनगढ़ श्रीहनुमान धार्मिक एवं सांस्कृतिक उत्सव समिति के तत्वावधान में संपन्न किया जा रहा है। आयोजन से नगर में धार्मिक चेतना, सांस्कृतिक परंपराओं और सामाजिक समरसता का सुंदर संदेश देखने को मिला।

# शिव पुराण कथा से पहले गायत्री मंदिर से निकाली भव्य शोभायात्रा

### गायत्री महायज्ञ व किसान मेला का भी हो रहा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम सेमरा रेलवे दीवानगंज में रविवार को शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा गायत्री मंदिर से प्रारंभ होकर सेमरा पंचायत, खेड़ापति हनुमान मंदिर और गांव के मुख मार्गो से होते हुए वापस गायत्री मंदिर पहुंची।

सेमरा रेलवे स्टेशन दीवानगंज पर गायत्री महायज्ञ एवं किसान मेला का आयोजन हो रहा है, जिसमें आसपास के 20 गांव के किसान इस मेले का फायदा उठा रहे। साथ ही दीवानगंज में रविवार को जो बाजार लगता है वह बाजार दो रविवार को सेमरा में लगेगा। इस मेले का



समापन 16 फरवरी को पूर्ण होगा। मेला ग्राउंड में गायत्री मंदिर बना हुआ है, जहां 7 दिन तक शिव पुराण कथा का आयोजन किया जाएगा।

इस शोभा यात्रा में कन्याएं और महिलाएं, गांव के भक्तगण नंगे पैर ग्राम के मुख्य मार्गो से होते हुए गायत्री मंदिर पहुंची। शोभायात्रा निकलने पर महिलाओं ने अपने घर आंगन में रंगोली बनाकर शोभा यात्रा का स्वागत किया। इस इस वर्ष लक्ष्मण शास्त्री के मुख से प्रवचन सुनाएं जाएंगे यह प्रवचन दोपहर 1 बजे से देर शाम तक सुनाए जाएंगे।